

## एक नजर में

### कुशाभाऊ ठाकरे का जीवन राष्ट्रसेवा, अनुशासन के प्रति समर्पण का प्रतीक रहा : राज्यमंत्री ठाकुर

**धार।** भाजपा के पितृ पुरुष, भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक सदस्य कुशल संगठक एवं पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष कुशाभाऊ ठाकरे एवं मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ नेता सुंदरलाल पटवा की पुण्यतिथि पर 28 दिसंबर रविवार को कुशाभाऊ ठाकरे परिसर भाजपा जिला कार्यालय धार में केंद्रीय राज्यमंत्री एवं सांसद सावित्री ठाकुर धार विधायक नीना वर्मा जिला पंचायत अध्यक्ष सरदार सिंह मेड़ा भाजपा जिला महामंत्री देवेंद्र सोनोने जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा नगर मंडल अध्यक्ष विशाल निगम ने पितृ पुरुष के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। उन्हें याद करते हुए विचार व्यक्त किए। सावित्री ठाकुर ने कहा कि राष्ट्र निर्माण में दोनों महान विभूतियों ने अपने त्याग, तपस्या और संगठन कौशल से भारतीय जनता पार्टी को सशक्त आधार प्रदान किया है। उनका जीवन राष्ट्रसेवा, अनुशासन और विचारधारा के प्रति समर्पण का प्रतीक रहा है। इस अवसर पर भाजपा जिला कार्यालय में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष ममता जोशी युवा मोर्चा जिला मंत्री जसप्रीत डग नवदीप सिंह चौहान मंडल महामंत्री अमित शर्मा अल्पना जोशी प्रतिभा शर्मा बादल मालवीय सोनिया राठौर महेश बोडाने पारस चौहान रजत प्रजापत अजय राठौर जीवन यादव विशाल माली कुंदन भूरिया जतिन मौर्य नवीन भंवर श्याम बाबा हरीश आर्य लखन शर्मा समेत भाजपा कार्यकर्ताओं ने पितृ पुरुषों को पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा ने दी.

### नगर के सकल श्रीसंघ को दिया भोपावर तीर्थ व मेवानगर धाम पेटलावद पधारने का निमंत्रण



**झकनावदा ( निप्र )**- 2 जनवरी को मालवा भूषण आचार्य भगवंत श्रीमद् विजय श्री नवरत्न सागर सूरी जी महाराज साहब के सुशिष्य आचार्य भगवंत युवा हृदय सम्राट श्री विश्वरत्न सागर सूरीजी महाराज साहब का मेवानगर पेटलावद में पदार्पण होगा। इसके साथ ही 2 जनवरी को प्रवचन होंगे। 3 जनवरी पूर्णिमा महोत्सव आयोजन दामोदर कॉलोनी स्थित श्री नाकोड़ा पार्श्वनाथ दरबार में पूर्णिमा महोत्सव में अपनी निश्रा प्रदान करेगे। बाद 7 जनवरी 2026 को श्री भोपावर महातीर्थ में गुरुदेव की पुण्यतिथि गुरु समर्पण महोत्सव के रूप में मनाई जाएगी। आयोजन की निमन्त्रण पत्रिका लेकर गुरुदेव के परम भक्त राजेश काठेड़ नलखेड़ा, प्रसिद्ध संगीतकार त्रिलोक मोदी, पंकज जे. पटवा, गौरव डग आदि ने झकनावदा श्रीसंघ में पहुचे जहाँ उपस्थित शेतानमल कुमट, मनीष कुमट, दिनेश मांडोत, प्रकाश मांडोत, आशीष भांगू, तेरापंथ सभा अध्यक्ष विजय कुमार वोहरा, मितेश कुमट को सकल श्रीसंघ की आमंत्रण पत्रिका भेंटकर सम्पूर्ण आयोजन में पधारने की अपील की।

### ट्रैफिक जवान फरमा रहे आराम ... बैल कर रहा ड्यूटी



**झाबुआ।** शहर के बस स्टैंड स्थित छतरी चौक पर रविवार हाट बाजार के दिन एक विशेष दृश्य देखने को मिला। जिसमें एक बैल छतरी चौराहे पर खड़ा होकर ट्राफिक व्यवस्था को संभालता दिखाई दिया। वहीं यातायात पुलिस का आरक्षक चौराहे पर गांधी प्रतिमा के पास अपनी मोटरसाईकिल पार्क कर मोबाईल पर बात करते एवं इधर-उधर घूमकर टाईम पास करते नजर आया। इसे ट्रेफिक पुलिस की लापरवाही हीं कहीं जा सकती है कि शहर की यातायात व्यवस्था को चुस्त-दुरस्त रखने में ट्रेफिक पुलिस फिसड्डी साबित हो रहीं है।

### डॉ . अशोक बलसोरा भारतीय जनता मजदूर मंच के मप्र अध्यक्ष मनोनीत, दी गई शुभकामनाएं



**झाबुआ।** भारतीय जनता मजदूर संघ के राष्ट्रीय महामंत्री बृजेन्द्रकुमार शर्मा ने डॉ. अशोक बलसोरा को संगठन का मप्र अध्यक्ष मनोनीत किया है एवं उनसे अपेक्षा व्यक्त की है कि वे श्रमिक हित में प्रदेश एवं देश की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ श्रमिकों को दिलवाने हेतु विस्तृत कार्य योजना बनाएंगे। साथ ही संगठन हित में एवं वरिष्ठ नेतृत्व के मार्गदर्शन में कार्य करेंगे। उल्लेखनीय है कि डॉ. अशोक बलसोरा के वर्तमान में राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं महिला बाल विकास आयोग के प्रदेश अध्यक्ष होने के साथ कई सामाजिक संस्थाओं से जुड़े हुए है। डॉ. बलसोरा के उक्त मनोनयन पर विभिन्न संस्थाओं एवं गणमान्यजनों ने उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए हर्ष व्यक्त किया है।

### भाजपा जिला मंत्री दीपेश सकलेचा ने कार्यकर्ताओं के साथ वार्ड क्रमांक 6 के बूथ क्रमांक 86 पर सुना 'मन की बात' कार्यक्रम



**झाबुआ।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 28 दिसंबर, रविवार को मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से राष्ट्र के नाम प्रेरणादायक और ओजस्वी संबोधन दिया। जिसे भाजपा द्वारा जिलेभर में मंडल एवं बुथ स्तरों पर देखा और सुना गया। साथ ही उक्त कार्यक्रम की सराहना की गई। इसी क्रम में भाजपा जिला मंत्री दीपेश बबलू सकलेचा ने वार्ड क्रमांक 6 में कार्यकर्ता संदीप कानूनगो, मनीष त्रिवेदी, दशरथ गुर्जर, नंदन भदौरिया, अर्पित चौधरी आदि के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को एलईडी पर देखा। वार्ड क्रमांक 6 के बूथ क्रमांक 86 पर जिला मंत्री श्री सकलेचा के नेतृत्व में पीएम श्री मोदी के मन की बात कार्यक्रम को देखकर कार्यकर्ताओं ने प्रशंसा जाहिर की। भाजपा जिला मंत्री श्री सकलेचा ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को श्मन की बातश् कार्यक्रम में 2025 की कई तस्वीरें, कई चर्चाएं और कई उपलब्धियों के बारे में बात की, जिन्होंने पूरे देश को एक साथ जोड़ने का कार्य किया। राष्ट्र को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि मन में पूरे एक साल की यादे घूम रहीं है। 2025 ने हमे ऐसे कई पल दिए, जिस पर हर भारतीय को गर्व हुआ।

# 18 भाजपा मंडलों के 821 बूथों पर सुनी मन की बात

- **पीएम मोदी ने देश के नागरिकों से बिना चिकित्सकीय परामर्श के एंटीबायोटिक दवाईयां न लेने का आव्हान किया**





**धार।** शासकीय अनुसूचित जाति-जनजाति बालिका छात्रावास धार में रविवार को माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के प्रसिद्ध कार्यक्रम मन की बात के 129 वे संस्करण को केंद्रीय राज्यमंत्री एवं क्षेत्रीय सांसद सावित्री ठाकुर धार विधायक नीना वर्मा जिला पंचायत अध्यक्ष सरदार सिंह मेड़ा विशाल निगम ने जनजाति लाडली बेटियों के साथ सामूहिक श्रवण किया।

मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि 2025 में अंतरिक्ष यात्री सुभांशु शुक्ला की सफल वापसी, भारत द्वारा सिन्दूर ऑपरेशन, पुरूष और महिला क्रिकेट टीम द्वारा खिताबी जीत तथा दिव्यांग महिला क्रिकेट टीम का चैम्पियन बनना प्रमुख घटनाएं रही।

सावित्री ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री के प्रेरणादायी विचारों ने बेटियों में आत्मविश्वास, राष्ट्रभक्ति और आगे बढ़ने की नई ऊर्जा का संचार किया। उन्होंने शिक्षा, संस्कार, आत्मनिर्भरता, महिला सशक्तिकरण और समाज सेवा जैसे विषयों पर मार्गदर्शन देकर बालिकाओं को अपने सपनों को साकार करने के लिए प्रेरित किया। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा ने बताया कि भाजपा जिलाध्यक्ष महंत निलेश भारती के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीजी के 'मन की बात' कार्यक्रम को जिले की तीन विधानसभा18 भाजपा मंडलो में 821 बूथों सहित नगर के सभी बूथों समेत भाजपा जिला कार्यालय पर भी सुना गया इस अवसर पर जिला महामंत्री देवेंद्र सोनोने पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती ममता जोशी जिला उपाध्यक्ष राखी राय अल्पना जोशी सहित भाजपा मंडल पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहें। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा ने दी।



## सांसद निधि एवं नगर परिषद निधि की संयुक्त राशि से धामनोद को मिली नए फायर वाहन की सौगात

- **39 लाख की लागत से आया नया फायर वाहन**

**धामनोद।** नगर करीब डेढ़ वर्ष से फायर वाहन नहीं होने से आग की समस्या से जूझ रहा था। ऐसा नहीं कि यहां फायर वाहन नहीं था। पहले वाला फायर वाहन गणपति घाट पर दुर्घटना का शिकार होने के बाद से ही सुधार केंद्र गया हुआ था परन्तु वह उसके सुधार भुगतान को लेकर राजनैतिक गतिरोध की भेंट चढ़ गया।

आखिरकार नगर पालिका अधिकारी एवं नगरहिताय लोगों के अथक प्रयास के बाद आम लोगों की समस्या को देखते हुए केंद्रीय राज्यमंत्री एवं धर लोकसभा सांसद सावित्री ठाकुर द्वारा सांसद निधि एवं निकाय निधि से नए फायर वाहन को लाने मंजूरी कुछ माह पूर्व ही प्रदान की गई थी। इसी निधि से नया फायर वाहन खरीदकर शनिवार को नर्मदा के परम भक्त दादा गुरु के नगर आगमन पर सांसद सावित्री ठाकुर द्वारा पूजन कर उसे जनता की सेवा में समर्पित किया।

फायर वाहन के पूजन के दौरान दिनेश शर्मा, संजय वर्मा, रविराज वर्मा, राकेश पटेल, मनोरमा कुशवाह, सुनैना कर्मा, निर्मला कर्मा, वर्षा शुक्ला, राधा पाटीदार, सुरेश सर, महेश लडड़ा, राकेश पाटीदार, मुकेश जोशी, मौसम पटेल, अनिल खजांची साथ ही नगर परिषद सीएमओ माया मंडलोई एवं परिषद के कर्मचारी सहित मीडिया साथी सभी उपस्थित थे।

## शिविर में की 354 मरीजों की जांच, 13 मरीजों को बड़ौदा के लिए किया रेफर

- **भारतीय पत्रकार संघ के शिविर में एसएमएस अस्पताल की टीम ने की जांच, पूर्व मंत्री व विधायक ने भी करवाई जांच**



**थांदला।** भारतीय पत्रकार संघ द्वारा एसएमएस अस्पताल बड़ौदा (गुजरात) के सहयोग से नि:शुल्क विशाल सर्व रोग निदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में एसएमएस अस्पताल के सीईओ डॉ. कमलेश वैष्णव, सीनियर ऑर्थो सर्जन डॉ. आशीष गोयल, फिजिशियन डॉ कुणाल शाह, जनरल सर्जन डॉ. अंकित पॉल, बिजनेस डेवलपमेंट चेयर पर्सन राधा गोहिल व रिसेप्शनिस्ट आरती पंचाल सहित 15 सदस्यों की टीम ने क्षेत्र के 354 मरीजों के स्वास्थ्य परीक्षण कर उनमें से गम्भीर रोग के लिए चयनित 13 मरीजों को बड़ौदा बुलवाया। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में सम्बल योजना के चेयर पर्सन पूर्व केबिनेट मंत्री सुल्तानसिंह शेखावत ने कहा कि ग्रामीणों में भी स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता आई है ऐसे में समय समय पर इन शिविरों का माध्यम से उन्हें अपनी जाँच करवाते रहना चाहिए। शेखावत ने कहा कि पत्रकार कलम के सिपाही है लेकिन यदि वे सेवा के कार्य में भी कदम बढ़ाते है तो निश्चित जनता को ज्यादा लाभ मिलता है। गाँधीवादी विधायक वीरसिंह भूरिया ने शिविर में शामिल होकर क्षेत्र की जनता से उनके स्वास्थ्य सम्बन्धी जानकारी लेते हुए एसएमएस अस्पताल से उनकी कार्यशैली जानकर प्रसन्नता व्यक्त की गई। शिविर में विशिष्ट अतिथि के रूप में आये धर्मदास गण परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष भरत भंसाली ने कहा कि आज आयुष्मान भारत योजना से जनता के लाखों के ऑपरेशन नि:शुल्क हो रहे है फिर भी शिविर के माध्यम से जनता जब अस्पतालों में जाती है तो उन्हें परेशानियों का सामना नही करना पड़ता है। वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश संयोजक व्यापारी संघ के जिलाध्यक्ष विनोद बाफना ने मधुर गीत से सेवा संकल्पों की सराहना की, युवा समाजसेवी पूर्व जियोस विश्वास सोनी ने कहा कि भारतीय पत्रकारों की टीम समाज में अनेक समाजसेवा के कार्य करती आ रही है यह इस क्षेत्र की विशेषता है ऐसे में मरीजों को हर सम्भव मदद मिलें इसके लिए वे संगठन के साथ है, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि सुनील पणदा ने भी पत्रकारों के कार्य की सराहना कर एसएमएस अस्पताल के प्रथम नगर आगमन पर उनका स्वागत किया, सामाजिक कार्यकर्ता आंनद दीक्षित ने भी सभी सेवा कार्यों में शामिल इकाई को शुभकामनाएं देकर उनका उत्साह बढ़ाया।

अतिथियों संग अस्पताल टीम का हुआ स्वागत विशेष कार्यो के लिए तीन सदस्य सम्मानित : भारतीय पत्रकार संघ के इस मेगा स्वास्थ्य शिविर में आमंत्रित अतिथियों का शिविर सदस्यों ने गर्म जोशी से स्वागत किया वही एसएमएस अस्पताल की 15 सदस्यीय टीम का अतिथियों व आयोजन समिति ने स्वागत सम्मान किया।

## कांग्रेस का 140वां स्थापना दिवस मनाया गया

- **पार्टी का झंडावंदन कर राष्ट्रगान का स्मरण किया**



**झाबुआ।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के 140 वें स्थापना दिवस के अवसर पर स्थानीय गोपाल कॉलोनी स्थित विधायक कार्यालय पर पार्टी का झंडावंदन जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रकाश रांका द्वारा किया गया। झंडावंदन बाद समस्त कांग्रेसजनों ने राष्ट्रगान जन-गण-मन गाकर कांग्रेस पार्टी के महापुरुषों की जय-जयकार कर नारे लगाए।

इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रकाश रांका ने अपने उद्बोधन में पार्टी के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस की स्थापना 28 दिसंबर 1885 में 72 सदस्यीय कांग्रेस नेताओं की मौजूदगी में हुआ जिसका उद्देश्य सर्व धर्म समभाव सर्वहारा वर्गों के उत्थान एवं धर्मनिरपेक्षता रहा है जो आज भी अपने उद्देश्य पर दृढ़ संकल्पित है कांग्रेस का गठन भारतीयों को एक मंच प्रदान करना था जहां वे अपने विचारों और मांगों को व्यक्त कर सके समय के साथ कांग्रेस भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन की प्रमुख पार्टी बन गई और महात्मा गांधी के नेतृत्व में कई महत्वपूर्ण आंदोलन का हिस्सा रही कांग्रेस ने ही देश में कई बड़े-बड़े संसाधन आईआईएम आईआईटी एम्स जैसे बड़े अस्पतालों बड़े-बड़े बांधों का निर्माण कर देश में विकास किया है। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता साबिर फिटवेल जिला युवक कांग्रेस अध्यक्ष नटवर डोडियार एनएसयूआई जिला अध्यक्ष नरवेश अमलियार शहर कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद्र सिंह राठौर ब्लॉक अध्यक्ष खून सिंह गुड़िया महिला कांग्रेस नेता गोरी कटारा बबलू कटारा युवा कांग्रेस प्रवक्ता लोकेंद्र बिलवाल ने भी संबोधित किया।

**यह रहे उपस्थित**

इस अवसर पर शंकर सिंह हटीला किलु भूरिया राहुल वड़किया करीम शेख गोलू कुरैशी ऋषि डोडियार संजय परमार गुफरान कुरैशी राकेश डामोर मनोज गुंडिया संतोष हटीला आदेश भूरिया वीजन ताहेड दीपक मखोरिया कैलाश भूरिया डूंगर सिंह वास्केल पप्पू भाबोर प्रताप सिंह सोलंकी आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश प्रवक्ता साबिर फिटवेल ने किया एवं आभार कांग्रेस शहर अध्यक्ष जितेंद्रसिंह राठौर ने माना।



## भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का 141वां स्थापना दिवस मनाया

**बाग .** ब्लॉक कांग्रेस द्वारा आज विधायक उमंग सिंघार के कार्यालय पर कार्यकर्ताओ ओर वरिष्ठ सरपंच की उपस्थिती में राष्ट्रगान गीत का का गान कर स्वर्गीय राजीव गाँधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और कांग्रेस पार्टी के ऊर्जावान युवा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अमर मेक सिंह निगवाल ने अपने विचार रखते हुवे कहा कांग्रेस पार्टी ने भारत की आजादी के लिए लड़ाई लड़ी, देश को आगे बढ़ाने का काम किया। कांग्रेस पार्टी की रीती नीति, नियत ओर राजीव गांधी की मूल उद्देश्य को घर घर पहुंचाने की बात कहते हुवे हर बूथ को मजबूत करने का संकल्प लिया गया। इस मोके पर पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष लाला तिवारी, विधायक प्रतिनिधि भारत मंडलोई, संजय सिलाका, बाग जनपद प्रतिनिधि वकार खान गोल्डी, जामसिंह सरपंच पाड़लिया, शैलू सरपंच टकारी, मुन्ना पटेल झाबा, आबिद पटेल, केरु देवधा, गुफरान खान, संग्राम बागपुरा, ओम दरबार, परवेज बाबा, दिलीप सेन, लखन ठाकुर, सहित यूथ कांग्रेस हस्द्ध, द्धझ सेल, कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता और वरिष्ठ नेतागण पदाधिकारी उपस्थित रहे जानकारी कार्यालय प्रभारी राज मालानी ने दी।

## भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष आज जिले के दौरे पर



**झाबुआ।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर द्वारा संगठन के मप्र अध्यक्ष बनने के बाद प्रथम झाबुआ जिला आगमन 28 दिसंबर की रात को होने जा रहा है। जिसको लेकर भाजयुमो के जिला एवं मंडल पदाधिकारी-कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह है। प्रदेश अध्यक्ष श्री टेलर का जिले में जगह-जगह भव्य स्वागत होगा। 29 दिसंबर, सोमवार दोपहर 1.30 बजे से पैलेस गार्डन पर नव मतदाता युवा सम्मेलन को आयोजन रखा गया है।

जानकारी देते हुए भाजयुमो जिला मीडिया प्रभारी दौलत गोलानी ने बताया कि जिले में भायजुमो के समस्त जिला एवं मंडल पदाधिकारी-कार्यकर्ताओं द्वारा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष कुलदीपसिंह चौहान के नेतृत्व में जगह-जगह भव्य स्वागत एवं आगवानी कार्यक्रम रखा गया है। निर्धारित कार्यक्रम अंतर्गत भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर का रतलाम जिले से होते हुए 28 दिसंबर, रविवार रात 9 बजे जिले के ग्राम टिमरवानी में आगमन होगा। 9.30 बजे थांदला में रात्रि विश्राम करेंगे। 29 दिसंबर, सोमवार सुबह 9 बजे भाजपा अजजा मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष कलसिंह भाबोर के निवास पर सौजन्य भेंट होगी। 9.30 बजे थांदला विधानसभा के ग्राम खेड़ी में बुथ क्रमांक 281 पर बैठक होगी। दोपहर 11 बजे थांदला के मेट्रो गार्डन में नव मतदाता युवा सम्मेलन में सहभागिता करेंगे। बाद 11.15 बजे थांदला रोड़ पर युवा मोर्चा द्वारा स्वागत, 12.30 बजे मेघनगर आगमन पर साई चौराहा पर स्वागत होगा।

दोपहर 1 बजे झाबुआ में मेघनगर नाका पर स्व. दिलीपसिंह भूरिया की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ दोपहर 1 बजे जेल चौराहा पर स्वागत, 1.20 बजे राजगढ़ नाका पर पं. दिनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जाएगा।

**एक नजर** प्रदीप सिसोदिया पुन : जिलाध्यक्ष तो मुकेश सिसोदिया युवा जिलाध्यक्ष मनोनीत

## अखिल भारतीय बलाई महासंघ की बैठक संपन्न



**पेटलावद।** अखिल भारतीय बलाई महासंघ की एक महत्वपूर्ण बैठक राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज परमार के मार्गदर्शन में रविवार को सुबह 11 बजे पेटलावद की स्थानीय कृषि मंडी परिसर में आयोजित की गई। बैठक में महासंघ के जिला पदाधिकारी, विभिन्न ग्रामों के प्रतिनिधि एवं समाज के वरिष्ठ व सम्माननीय जन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य झाबुआ जिले के लिए नवीन जिलाध्यक्ष की नियुक्ति को लेकर विचार-विमर्श करना रहा। इस दौरान जिलेभर से आए समाजजनों ने अपने-अपने सुझाव प्रस्तुत किए। जिला अध्यक्ष पद के लिए रामगढ़ से मांगीलाल मालवीय, खवासा से विजय मालवीय, बरवेट से भेरूलाल परमार एवं राजू मालवीय बरवेट, करवड़ से मोहनलाल मालवीय तथा खवासा से पूर्व जिला अध्यक्ष प्रदीप सिसोदिया के नाम प्रस्तावित किए गए। विस्तृत चर्चा एवं विचार-विमर्श के पश्चात समाज के सभी वरिष्ठजनों एवं प्रतिनिधियों ने सर्वसम्मति से पूर्व जिला अध्यक्ष प्रदीप सिसोदिया के नेतृत्व पर पुन: विश्वास जताते हुए उन्हें अखिल भारतीय बलाई महासंघ का जिलाध्यक्ष मनोनीत करने का निर्णय लिया। उपस्थित समाजजनों ने करतल ध्वनि के साथ इस प्रस्ताव का समर्थन किया।

इसके साथ ही सभी सम्माननीय सदस्यों की सहमति से युवा जिलाध्यक्ष पद पर पुन: मुकेश सिसोदिया के नाम पर भी सर्वसम्मति बनी। बैठक के दौरान विभिन्न ग्रामों के ग्राम प्रमुख एवं अध्यक्षों की घोषणा भी की गई। बैठक में जिलाध्यक्ष प्रदीप सिसोदिया, श्री प्रेमचंद सिसोदिया, श्री भेरूलाल परमार, श्री राजू मालवीय (बरवेट), श्री विजय मालवीय (खवासा), श्री मांगीलाल मालवीय (रामगढ़), कालूराम मालवीय (छोटी देहंडी), श्री रेवाराम (पालेड़ी), श्री दिलीप मालवीय (बामनिया), महेश सिसोदिया (थांदला), लक्ष्मीनारायण मालवीय (सारंगी), विक्रम सिंह राठौर (खवासा), वीरेंद्र परमार (बरवेट), अशोक मालवीय (पेटलावद), राकेश सिसोदिया (पेटलावद), हीरालाल मालवीय (खवासा), मुकेश मालवीय (रामगढ़), ईश्वर मालवीय (खवासा), महेश मालवीय (भामल), अर्जुन मालवीय (खवासा), विजय मालवीय (रायपुरिया), प्रेम मालवीय (रामगढ़), मुकेश सिसोदिया (पेटलावद) सहित अनेक समाजजन विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक के अंत में नवमनोनीत पदाधिकारियों ने समाज के उत्थान, संगठन की मजबूती एवं सामाजिक एकता के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।